संख्या- 18 /2022 / 2396 /चार-2021-27 (विविध)/ 2018

प्रेषक,

विनय श्रीवास्तव,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 25 जनवरी, 2022

विषय:- वित्तीय वर्ष 2021-22 में पं0 सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला की जन्मस्थली गढाकोला, उन्नाव में विशाल स्मृति भवन, पुस्तकालय एवं अन्य संरचना के निर्माण कार्य हेतु जी0एस0टी0 की धनराशि की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या-3272/सं0नि0-1(5)/18 दिनांक 06 दिसम्बर,2021 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पं0 सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला की जन्मस्थली गढाकोला, उन्नाव में विशाल स्मृति भवन, पुस्तकालय एवं अन्य संरचना के निर्माण कार्य हेतु जी0एस0टी0 की धनराशि रू0 43,07,834/-(रूपये तैतालिस लाख सात हजार आठ सौ चौतीस मात्र) की प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है।

2- उक्त सम्बन्ध में पूर्व में निर्गत शासनादेश संख्या-57/2021/653/चार-2021-27(विविध)/ 2018 दिनांक 16 मार्च, 2021, शासनादेश संख्या-133/2019/2335/चार-2019-27(वि0)/2018 दिनांक 18 अक्टूबर,2019तथा शासनादेश संख्या-130/2021/ 1335/चार-2021-27(वि0)/2018 दिनांक 06 अगस्त, 2021 में उल्लिखित शर्ते यथावत रहेंगी।

3- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 22-03-2021 में उल्लिखित दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

4- उपर्युक्त स्वीकृति से सम्बन्धित व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या- 92- के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 4202-शिक्षा खेलकूद कला तथा संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय-04-कला तथा संस्कृति-800-अन्य व्यय-42-पं0 सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला की जन्मस्थली गढाकोला, उन्नाव में विशाल स्मृति, भवन पुस्तकालय एवं अन्य संरचना 24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

5- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक 22 मार्च, 2021 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या- 18 /2022 / 2396(1) /चार-2021 तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- निदेशक, ग्लोबल कंस्ट्रक्शन एंड कंसल्टेंसी सेल, उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद्, नीलगिरी काम्प्लेक्स इंदिरा नगर, लखनऊ।
5- परियोजना प्रबंधक, उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद्, निर्माण इकाई-2, कानपुर।
6- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग/नियोजन अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।